# जिला अस्पताल के आईसीयू में 'आग' से हड़कंप, मॉकड्रिल में खुली सुरक्षा इंतजामों की पोल







सतना।

जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया,जब अचानक वहां से धुएं का गुबार उठने लगा। दरअसल,यह जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित एक मॉकड्रिल थी,जिसका उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में अस्पताल के स्टाफ की सजगता और तैयारियों को परखना था। हालांकि,इस अभ्यास के दौरान अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्थाओं में एक बड़ी चूक सामने आई।

### स्टाफ नहीं चला पाया फायर सिलेंडर

जैसे ही अस्पताल परिसर में आग लगने का अलार्म गूंजा,स्टाफ सक्रिय तो हुआ,लेकिन जब आग बुझाने की बारी आई तो वे पूरी तरह असहाय नजर आए। अस्पताल में लगे फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशमन यंत्र) को चलाने की बुनियादी ट्रेनिंग न होने के कारण स्टाफ का कोई भी सदस्य समय पर सिलेंडर ऑपरेट नहीं कर पाया। जीवन रक्षक उपकरणों की इस विफलता ने प्रशासन के सुरक्षा दावों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

### फायर ब्रिगेड ने संभाला मोर्चा

स्थिति बिगड़ते देख सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे अनुभवी फायरमैन ने मोर्चा संभालते हुए कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया। इस दौरान मॉकड्रिल के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई कि अगर यह वास्तविक घटना होती,तो स्टाफ की इस छोटी सी लापरवाही से बड़ी जनहानि हो सकती थी। अस्पताल प्रशासन का कहना था कि मॉकड्रिल का मकसद ही कमियों को पहचानना है।अस्पताल के स्टाफ को जल्द ही अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।

## सतना सायलो में खरीदी बंद किसान धरने पर बैठे



सतना।

नागौद क्षेत्र के मौहारी स्थित अडानी सायलो में सोमवार दोपहर अचानक खरीदी बंद होने से किसानों में आक्रोश देखा गया। अपनी उपज बेचने पहुंचे किसानों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश बागरी के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए। किसानों का आरोप है कि वे पिछले तीन दिनों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। कई किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं लेकर सायलो परिसर में डटे हुए थे,लेकिन बिना पूर्व सूचना के खरीदी बंद कर दी गई। इससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग धरने पर बैठे किसानों ने बताया कि यदि सायलो की भंडारण क्षमता पूरी हो चुकी थी,तो प्रशासन को पहले से वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी। अचानक खरीदी रोकना अनुचित है। उन्होंने यह भी कहा कि लंबे इंतजार के बाद अब उनका स्लॉट एक्सपायर होने वाला है, जिससे उनकी समस्या और बढ़ सकती है।रूपेश बागरी ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों के साथ इस तरह का व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने मांग की कि तुरंत खरीदी शुरू कराई जाए या फिर अन्य केंद्रों पर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होता,तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

## नगर निगम के बेड़े में शामिल हुए 10 नए इलेक्ट्रिक वाहन, महापौर ने दिखाई हरी झंडी

सतना।

शहर की नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़,आधुनिक और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने नगर निगम परिसर से 10 नई 'टाटा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि ये वाहन न केवल निगम के प्रशासनिक कार्यों में गति लाएंगे,बल्कि 'स्मार्ट गवर्नेंस' और 'ग्रीन सतना' के हमारे संकल्प को भी साकार करेंगे। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम है,जिससे ईंधन की बचत होगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। कार्यक्रम के दौरान निगम के वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे,जिन्होंने शहर के विकास और आधुनिकीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



### देहात नादन क्षेत्र में मौसम का कहर, ओलावृष्टि के साथ तेज बारिश



**मैहर।** जिले के देहात नादन क्षेत्र में अचानक बदले मौसम ने जनजीवन प्रभावित कर दिया। क्षेत्र में जोरदार बारिश के साथ ओलावृष्टि (बर्फबारी) लगभग 100-100 ग्राम हुई,जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ काले बादल छा गए। इसके बाद अचानक बारिश शुरू हो गई और कुछ ही देर में बड़े-बड़े ओले गिरने लगे। करीब एक घंटे तक चली इस बारिश और ओलावृष्टि ने खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाया है। स्थानीय किसानों को अन्य रबी फसलों पर इसका सीधा असर पड़ा है। कई जगहों पर फसलें जैसे उड़द और मूंग,जिससे उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है। वहीं मौसम के इस बदलाव से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई,जिससे लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली,लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई है।



## सतना के नन्हे गणितज्ञों का राज्य स्तर पर दबदबा, 161 छात्रों ने इंदौर में गाड़े सफलता के झंडे

सतना।

इंदौर के अभय प्रशाल इंडोर स्टेडियम में आयोजित यूसीमास मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सतना की शांभवी एबेकस अकादमी के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत मेधा का परिचय देते हुए विंध्य क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। 02 मई को आयोजित इस महाकुंभ में प्रदेश के 55 जिलों के 6100 बच्चों ने हिस्सा लिया था,जहाँ सतना के इन 'कैलकुलेटर बॉयज और गर्ल्स' ने अपनी गति और सटीकता से सबको हैरत में डाल दिया। प्रतियोगिता का स्तर कितना कठिन था,इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि छात्रों को मात्र 8 मिनट में 200 जटिल गणितीय प्रश्नों को हल करना था। शांभवी एबेकस अकादमी के 161 छात्रों ने पिछले दो महीनों के कड़े अभ्यास के दम पर इन सवालों को सेकंडों में हल कर यह साबित कर दिया कि उनकी एकाग्रता और गणना शक्ति बेजोड़ है। 03 मई को रविंद्र नाट्यगृह में आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में सतना के सितारों ने मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**टॉप चैंपियन (सर्वोच्च सम्मान):** अन्वी अग्रवाल,मानस सिंह एवं रेयांस तिवारी। प्रथम रनरअपः अक्षय शर्मा एवं विश्रुत्व देव सिंह। द्वितीय रनरअपः मौर्यवनी कुशाला। तृतीय रनरअपः काव्या अग्रवाल एवं आयुषी द्विवेदी। पंचम रनरअपः विवान तरवानी,मानस रजक,आदित्य सिंह परिहार एवं नाव्या तिवारी। इन प्रमुख विजेताओं के अतिरिक्त 92 बच्चों ने मेरिट स्थान हासिल किया और 46 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। सभी प्रतिभागियों को 'एडवांस ट्रॉफी' देकर सम्मानित किया गया।

**वर्जन-**

हमारे बच्चों ने कैलकुलेटर से भी तेज गति से गणना कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यह उनकी कड़ी मेहनत और माता-पिता के विश्वास का परिणाम है।

-

**विक्रम सर**
**संचालक (शांभवी एबेकस अकादमी)**

## 29 लाख के 155 गुम हुए मोबाइल बरामद, चेहरों पर लौटी मुस्कान




सतना।

जिला पुलिस बल ने तकनीकी दक्षता और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए सीईआईआर पोर्टल की मदद से विभिन्न कंपनियों के 155 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद किए गए इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 29 लाख 31 हजार बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह (भा.पु.से.) ने गुम हुए मोबाइलों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल और जिले के सभी थाना प्रभारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) डॉ.शिवेश सिंह बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे के मार्गदर्शन में साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तकनीकी विश्लेषण कर इन मोबाइलों को ट्रैक करने में सफलता हासिल की।

### विभिन्न राज्यों से ट्रैक किए गए मोबाइल

पुलिस टीम ने सैमसंग,वनप्लस,ओप्पो,वीवो और रेडमी जैसी नामी कंपनियों के हैंडसेट सतना सहित रीवा,पन्ना,छतरपुर,उत्तर प्रदेश,दिल्ली और गुजरात जैसे दूरस्थ स्थानों से बरामद किए। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। अपना खोया हुआ फोन वापस पाकर मोबाइल मालिकों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### क्या है सीईआईआर पोर्टल?

भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित एक नागरिक-केंद्रित पोर्टल है। इसके माध्यम से चोरी या गुम हुए मोबाइल को ब्लॉक और ट्रैक किया जा सकता है,जिससे मोबाइल का दुरुपयोग रुकता है और बरामदगी की संभावना बढ़ जाती है। सतना पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर घबराएं नहीं। सबसे पहले नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं और फिर पोर्टल पर जाकर मोबाइल ब्लॉक करें। इससे न केवल आपके डेटा का दुरुपयोग रुकेगा,बल्कि पुलिस को मोबाइल ट्रैक करने में भी आसानी होगी। इस उल्लेखनीय सफलता पर पुलिस अधीक्षक ने साइबर टीम और संबंधित स्टाफ की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## मैहर सिविल अस्पताल में दिया गया फायर सेफ्टी प्रशिक्षण

### अल्ट्राटेक टीम ने डॉक्टरों व स्टाफ को दिया व्यावहारिक अभ्यास

मैहर।

सिविल अस्पताल में आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से फायर सेफ्टी प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अल्ट्राटेक कंपनी के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों,नर्सिंग स्टाफ,सुरक्षा गाड्र्स एवं समस्त कर्मचारियों को आगजनी जैसी स्थितियों में सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में फायर एक्सटिंग्विशर (अग्नि शामक यंत्र) के प्रयोग का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। स्टाफ को यह सिखाया गया कि आग लगने की स्थिति में किस प्रकार त्वरित प्रतिक्रिया देकर उपकरणों का सही उपयोग किया जाए,ताकि मरीजों की सुरक्षा के साथ-साथ किसी भी बड़े नुकसान से बचा जा सके। इसके साथ ही आपातकालीन निकासी मार्ग,अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली एवं भीड़ नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण बिदुओं पर भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। सुरक्षा गाड्र्स को विशेष रूप से इमरजेंसी स्थिति में समन्वय बनाए रखने और त्वरित कार्रवाई करने की सलाह दी गई। अस्पताल प्रभारी सहित समस्त स्टाफ ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आपातकालीन तैयारियों को मजबूती मिलती है। पूरे प्रशिक्षण सत्र के दौरान अस्पताल परिसर में अनुशासित,जागरूकता पूर्ण एवं सहयोगात्मक माहौल बना रहा।



फायर एक्सटिंग्विशर (अग्नि शामक यंत्र) के प्रयोग का व्यावहारिक अभ्यास

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से डेढ़ साल के मादा तेंदुए की मौत, जांच में जुटा वन विभाग



**मैहर।** झुकेही नेशनल हाईवे-30 पर रविवार देर शाम एक दर्दनाक हादसे में करीब डेढ़ साल की मादा तेंदुए की मौत हो गई। घटना रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है,जब तेंदुआ सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तेंदुए ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मैहर रेंजर शुभम खरे के नेतृत्व में वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। वन विभाग द्वारा डॉग स्क्वॉड और मेटल डिटेक्टर की मदद से क्षेत्र की जांच की गई,लेकिन कहीं भी शिकार या किसी संदिग्ध गतिविधि के कोई संकेत नहीं मिले हैं। वनविभाग ने तेंदुए के शव को सुरक्षित रखकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है,जो सोमवार को किया जाएगा। साथ ही हादसे के जिम्मेदार वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्राथमिक तौर पर यह मामला सड़क दुर्घटना का माना जा रहा है,लेकिन वन विभाग हर पहलू से जांच कर रहा है। इस घटना ने एक बार फिर हाईवे पर वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर चिता बढ़ा दी है।

### ओवरलोड रेत से भरा हाइवा जब्त



**मैहर।** जिले में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने एक बार फिर सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी के निर्देश पर रामनगर थाना क्षेत्र के कुबरी गांव में प्रशासनिक टीम द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसडीएम एस.पी. मिश्रा और नायब तहसीलदार रोशन लाल रावत की मौजूदगी में पूरे क्षेत्र का जायजा लिया गया। निरीक्षण में अवैध खनन की कोई पुष्टि नहीं हुई, लेकिन इसी दौरान गांव से गुजर रहा एक रेत से भरा हाइवा वाहन अधिकारियों की नजर में आ गया। वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडजी 1132 की जांच करने पर वह ओवरलोड पाया गया और उसके पास वैध ट्रांजिट पास (टीपी) भी नहीं मिला। इस पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हाइवा को जब्त कर रामनगर थाना परिसर में खड़ा करा दिया। एसडीएम एसपी मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि वाहन मालिक के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि जिले में अवैध खनन और परिवहन पर पूरी तरह नजर रखी जा रही है और किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी रामनगर क्षेत्र में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गोरसरी पहाड़ इलाके में ई-टीपी से अधिक रेत ले जा रहे चार वाहनों को जब्त किया था। यह कार्रवाई भी एसडीएम के नेतृत्व में की गई थी। प्रशासन की लगातार कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

### नकाबपोशों ने युवक पर चाकू से किया हमला



**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में लूट की एक वारदात सामने आई है। कैमा के पास रविवार देर रात बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी बाइक छीन ली। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित कमलाकांत प्रजापति,निवासी शहपुरा थाना रैगांव, रविवार को एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात करीब डेढ़ बजे वह अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह कैमा रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे, अपाची बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। मारपीट कर चाकू से किया हमला बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी उसकी बाइक छीनकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक,तीनों बदमाशों में से दो ने नकाब पहन रखा था,जबकि एक का चेहरा खुला हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया।सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी की गिरफ्तारी के विरोध में फूटा गुस्सा, कलेक्टर कार्यालय का घेराव

**पन्ना।** पन्ना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी भारत मिलन पांडे की गिरफ्तारी के विरोध में आज जिले की राजनीति गरमा गई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने आज पन्ना की सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। भारी लाव-लश्कर के साथ निकाला विरोध जुलूस आज दोपहर कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुआ यह विरोध प्रदर्शन जुलूस की शक्ल में कलेक्टर कार्यालय पहुँचा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रशासन और शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसियों का आरोप है कि प्रशासन सत्ता के दबाव में विपक्षी नेताओं को निशाना बना रहा है और यह गिरफ्तारी पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है। ज्ञापन की मुख्य बातें जिला अध्यक्ष अनीश खान द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में निम्नलिखित प्रमुख बिंदु उठाए गए हैं।

**एकतरफा कार्रवाई का आरोप-**





कांग्रेस का कहना है कि 23 अप्रैल 2026 को ग्राम पिस्टा में कांग्रेस कार्यकर्ता जयकरण अहिरवार के साथ हुई मारपीट और जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल के मामले में पुलिस ने अब तक आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की है। प्रशासनिक दुरुपयोग ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वन विभाग और पुलिस प्रशासन मिलकर जनसेवा करने वाले नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसा रहे हैं।न्याय की मांगरू कांग्रेस ने मांग की है कि भारत मिलन पांडे के खिलाफ दर्ज मामले को तुरंत वापस लिया जाए और पिस्टा गांव की घटना के असली दोषियों को गिरफ्तार किया जाए।राजनीतिक गहमागहमी तेज भरत मिलन पांडे की गिरफ्तारी के बाद से ही जिले में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हैं। आज के इस बड़े शक्ति प्रदर्शन ने प्रशासन पर दबाव बढ़ा दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही न्याय नहीं मिला, तो पूरे जिले भर में उग्र आंदोलन करेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे पूर्व गुनौर विधानसभा प्रत्याशी जीवनलाल सिद्धार्थ राजबहादुर पटेल कदीर खान वसीम खान ,बृजेंद्र दुबे प्रेम नारायण सिंह यादव ,मार्तंड देव बुंदेला राजा बाबू पटेल नरेंद्र विश्वकर्मा वैभव थापक मनीष मिश्रा,वीरेन्द्र खटीक सहित बड़ी संख्या में जिले भारी तदात में कांग्रेस नेता शहर बड़ी संख्या में जिले भर से कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## सिंघई अनिल जैन (अन्नू) पवई की हृदयाघात से मौत



**पवई।** नगर परिषद पवई वार्ड कृमांक 09 निवासी सहज और सरल स्वभावी सिंघई अनिल कुमार जैन अन्नू पिता स्व0 सिंघई मूलचन्द्र के छोटे सुपुत्र का निधन 2 - 3 मई की मध्य रात्रि में अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया जिनकी अन्त्येष्टि 03 मई 2026 को पतने नदी किनारे मुक्ति धाम पवई में सैकड़ों नगर वासियों परिजनों एवं रिश्तेदारों की उपस्थिति में किया गया उनकी धर्मपत्नी श्रीमती साधना जैन पुत्र निखिल जैन मीनल जैन (ईसू) ,आशिका जैन ( बीसू ) बड़ी मम्मी श्रीमती हर्षलता स्व0 सिंघई नरेन्द्र कुमार जैन , श्रीमती सुधा सिंघई महेन्द्र कुमार जैन ,श्रीमती नीता सिंघई विजय कुमार जैन एसीसी ,श्रीमती अनीता स्व0 सिंघई बीरेन्द्र कुमार जैन ,श्रीमती मुलायम सिंघई ज्ञान चन्द्र जैन ,स्व0 श्रीमती निशा सिंघई अजित कुमार जैन पत्रकार ,स्व0 श्रीमती संगीता सुनील कुमार जैन शिक्षक ,श्रीमती अनीता (गुडिया) सिंघई सुरेन्द्र कुमार जैन ,एवं भतीजे सतेन्द्र कुमार जैन (बडे भैया) , नितिन जैन रानू , विवेक जैन सचिन जैन लकी ,विपिन जैन निक्की ,अनुन्जय जैन ,अर्पित जैन ,आकाश जैन ,अभिमन्यु जैन , अंशुल जैन सहित समस्त पटवारी परिवार एवं परिजन नगरवासी शोक में हैं। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम पवई में सम्पन्न हुआ ।

## बंगाल जीत की खुशी में पवई जनपद अध्यक्ष का जश्न, कार्यकर्ताओं में बांटी मिठाई



**पवई।** पश्चिम बंगाल में मिली जीत की खुशी देशभर में मनाई जा रही है। इसी क्रम में पन्ना जिले के पवई जनपद अध्यक्ष महोदय मोहनी आनंद मिश्रा ने कल्दा पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई बांटी और पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने एक-दूसरे को बधाई देते हुए उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। जनपद अध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि यह जीत पार्टी की नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया।

## अमराई घाट का लोकार्पण किया विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने किलकिला नदी शुद्धिकरण के लिए 22 करोड़ का वॉटर ट्रीटमेंट

**रिंग रोड और 2100 करोड़ की एलिवेटेड रोड सहित कई बड़ी योजनाओं का ऐलान**

**पन्ना।** पन्ना नगर की पावन धरा पर धार्मिक, सांस्कृतिक और आधारभूत विकास की एक नई गाथा लिखते हुए पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने किलकिला नदी तट स्थित ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व से परिपूर्ण अमराई घाट के जीर्णोद्धार उपरांत उसका भव्य लोकार्पण किया। यह अवसर न केवल एक निर्माण कार्य के पूर्ण होने का था, बल्कि पन्ना की विरासत, आस्था और भविष्य के समन्वय का प्रतीक भी बनकर सामने आया। इस गरिमामयी समारोह में बड़ी संख्या में संत, विद्वान, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं महिला शक्ति की उपस्थिति ने इसे एक ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।अपने विस्तृत, भावपूर्ण और दूरदर्शी संबोधन में विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने अमराई घाट के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह स्थल केवल एक घाट नहीं, बल्कि पन्ना की आत्मा, उसकी आस्था और उसकी पहचान का केंद्र है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह सौभाग्य पहली बार प्राप्त हुआ है कि वे उस पावन भूमि पर उपस्थित हुए,



जहां महामति प्राणनाथ जी का प्रथम आगमन हुआ था। उनके चरण स्पर्श से किलकिला नदी का जल अमृततुल्य हो गया और यह स्थान आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बन गया। विधायक ने कहा कि ऐसे स्थलों का संरक्षण केवल विकास नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा के संरक्षण का भी कार्य है। उन्होंने अपने भाषण में विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि पन्ना का विकास केवल भौतिक संसाधनों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के माध्यम से आध्यात्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जाएगा। अमराई घाट का जीर्णोद्धार उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले समय में पन्ना को राष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करेगा।किलकिला नदी की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर का दूषित जल वर्षों से इस पवित्र नदी में मिल रहा है, जिससे इसकी गरिमा प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अब और स्वीकार्य नहीं है और इसके स्थायी समाधान के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में उन्होंने लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। उन्होंने जानकारी दी कि इस परियोजना के लिए भूमि चिन्हित कर आरक्षित की जा चुकी है और सभी प्रशासनिक प्रक्रियाएं तेजी से पूर्ण की जा रही हैं, ताकि शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो सके।उन्होंने यह भी कहा कि यह वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट केवल एक तकनीकी परियोजना नहीं होगी, बल्कि किलकिला नदी को पुनः जीवन देने का माध्यम बनेगी। इससे नदी का जल स्वच्छ और निर्मल होगा, जिससे न केवल धार्मिक आस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

## वन विभाग द्वारा किया गया प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**पन्ना।** "पारिस्थितिकीय पुनर्स्थापन में जन-भागीदारी की भूमिका एवं जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत रविवार को मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा टाउन हॉल, पन्ना में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पी.सी. दुबे (पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक) ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण एवं जल संसाधनों के संवर्धन के लिए जन-भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि आमजन की सक्रिय सहभागिता से ही पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखा जा सकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान समाज में जागरूकता लाने के साथ-साथ धरातल पर सकारात्मक बदलाव ला रहा है। विषय विशेषज्ञ डॉ. बी.के. सिंह (कृषि महाविद्यालय, रीवा) ने वैज्ञानिक तरीकों से बीज संग्रहण, पौधारोपण एवं कृषि वानिकी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक लाभ की संभावनाओं पर प्रकाश डाला तथा आंवला उत्पादन की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक, छतरपुर वृत्त नरेश सिंह यादव, वनमंडलाधिकारी दक्षिण वनमंडल पन्ना अनुपम शर्मा, वनमंडलाधिकारी उत्तर वनमंडल



पन्ना धीरेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। साथ ही उपवनमंडलाधिकारी पवई श्री अक्षय जैन, उपवनमंडलाधिकारी कल्दा श्रीमती रचना शर्मा, प्रशिक्षु एसीएफ श्री अंकुर गुप्ता, वनपरिक्षेत्राधिकारी पन्ना श्री अजय बाजपेई, वन परिक्षेत्राधिकारी अजयगढ़ वैभव सिंह चंदेल, वनपरिक्षेत्राधिकारी धरमपुर नितिन राजोरिया, वनपरिक्षेत्राधिकारी विश्रामगंज शुभम तिवारी, वनपरिक्षेत्राधिकारी देवेन्द्रनगर राहुल मिश्रा, वनपरिक्षेत्राधिकारी मोहंद्रा राजुल कटारे, वनपरिक्षेत्राधिकारी शाहनगर सहित उत्तर एवं दक्षिण वनमंडल के अन्य अधिकारी, पदाधिकारी एवं वनकर्मी भी कार्यशाला में सम्मिलित हुए। कार्यशाला में त्म्ज (दुर्लभ, संकटग्रस्त एवं लुप्तप्राय) प्रजातियों के संरक्षण, इको-रेस्टोरेशन, पौधरोपण, बीज संग्रहण में सावधानियां तथा कृषि वानिकी एवं आंवला की उत्पादकता जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य अतिथि डॉ. दुबे ने पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन को "माइंडसेट" के रूप में अपनाने पर बल देते हुए फाइटोसोशियोलॉजी आधारित दृष्टिकोण एवं वैज्ञानिक पौधरोपण पद्धति (उचित दूरी, उपयुक्त प्रजाति चयन एवं कीस्टोन प्रजातियों का चयन) पर जोर दिया। उन्होंने स्थल-विशिष्ट एवं वैज्ञानिक क्रियान्वयन तथा जैव विविधता संरक्षण हेतु वैज्ञानिक बीज संग्रहण विधियों की आवश्यकता बताई। विशिष्ट अतिथि डॉ. वी.के. सिंह ने कृषि वानिकी एवं विशेष रूप से आंवला उत्पादन की संभावनाओं पर जानकारी देते हुए बताया कि पन्ना क्षेत्र इसके लिए अनुकूल है। उन्होंने आंवला की मिश्रित प्रजातियों के रोपण, रोग नियंत्रण तथा उत्पादकता बढ़ाने हेतु कटाई-छंटाई, सिंचाई, पोषक तत्वों एवं उपयुक्त मृदा के महत्व पर प्रकाश डाला।

### आमा नर्सरी, शाहनगर से उपस्थित

अमित रैकवार ने मई एवं जून माह में संग्रहित किए जाने वाले बीजों की जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा 60 से अधिक प्रजातियों के बीजों का संग्रहण किया गया है। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वनकर्मियों का सम्मान भी किया गया। कार्यशाला में उत्तर एवं दक्षिण वनमंडल से आए वनकर्मियों ने पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन के विभिन्न आयामों पर ज्ञान अर्जित किया तथा इसे जमीनी स्तर पर लागू करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन दक्षिण वनमंडल पन्ना एवं उत्तर वनमंडल पन्ना, मध्यप्रदेश के सौजन्य से किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**बेलगाम ट्रक की जोरदार टक्कर से ऑटो खाई में जा गिरा**

## जेके कंपनी के ट्राला मचा रहे मौत का तांडव, राह चलते ऑटो को मारी टक्कर, एक की मौत, 9 घायल

**अमानगंज।** पन्ना-अमानगंज मार्ग से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक हँसते-खेलते परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। बेलगाम ट्रक की जोरदार टक्कर से ऑटो सड़क किनारे खाई में जा गिरा, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, यह हादसा ग्राम तारा के पास हुआ। दमोह और सिमरिया निवासी एक ही परिवार के लोग बरबसपुरा से अपने बीमार रिश्तेदार का हाल-चाल लेकर ऑटो से वापस लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उनके ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और वाहन सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। इस दर्दनाक हादसे में दमोह निवासी 40 वर्षीय रामेश्वर तिवारी की मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी अनिता तिवारी सहित परिवार के कुल 9 सदस्य घायल हो गए, जिनमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल पन्ना रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। घायल अमित तिवारी सहित अन्य का इलाज जारी है। हालांकि यह अधिकतम देखने को मिल





रहा है कि ये ट्रैक हमेशा बेलगाम ही रहते हैं और साइड भी नहीं देते नॉर्मल मोटरसाइकिल और कार चालकों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## थाना प्रभारी यातायात के द्वारा पन्ना शहर में चल रही मोडीफाई बुलट साइंलेन्सरों पर कार्यवाही

**नाबालिक चालकों पर भी की जाए कार्रवाई**



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडूए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती बंदना सिंह चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार के द्वारा यातायात स्टाफ के साथ पन्ना शहर की ट्राफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिये पन्ना शहर के बड़ा बाजार, कटरा बाजार में पैदल भ्रमण कर अव्यवस्थित व नो पार्किंग खड़े वाहनों को हटवाया जाकर उनमें व्हीकल लॉक लगाए गए तथा 20 वाहनों पर कार्यवाही कर 5000 रूपये जुर्माना वसूल किया गया साथ ही आमजनों को व्यवस्थित तरीके से वाहन पार्किंग में ही खड़े करने की समझाइश दी गई एवं शहर में 05 वाहन चालको के विरूद्ध मोडीफाई बुलट साइंलेन्सरों को हटवाये जाकर भेज कार्यवाही की गई। और पन्ना नगर वासियों को स्वयं बुलेट मैं से मोडिफाइड साइलेंसर हटाने की अपील की गई। स्थानीय लोगों ने यातायात प्रभारी से नावालिग चालकों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

### पंचायत मित्र के सहयोग से मिली सामाजिक सुरक्षा

**दिव्यांग पेशन पाकर खुश हुआ परिवार**

**जिले भर में दस्तावेज सुधार का अभियान चलाने की मांग**



**पन्ना।** राज्य सरकार की सभी योजनाये जन हितैषी है लेकिन दस्तावेज के अभाव में लाभ मिलना मुश्किल हो जाता है। ग्रमीण क्षेत्र में दस्तावेज बनवाते समय लोग ध्यान नही देते लेकिन जब किसी योजना का लाभ लेना होता है उस समय दस्तावेजो में एक रूपता नही होती । ग्राम पंचायत विलाही अजयगढ के ग्राम कुडई में कमलेश देवी उम्र 14 पिता राम रतन यादव को दिव्यांग पेंशन लगभग 1 वर्ष के प्रयास के वाद मिल पाई है । पंचायत मित्र दिनेश विश्कर्मा एवं सचिव के सहयोग से सभी दस्तावेज को ठीक कराकर आवेदन किया गया इसी माह पेशन मिली। दिव्यांग सर्टिफिकेट ,खाता खुलवाना,सचिव को आवेदन जमा करवाने का कार्य पंचायत मित्र ने किया। पिता ने कहा की पेशन से बच्ची का भरण पोषण में मदद मिलेगी। बच्ची मानसिंक एवं शरीरिक रूप से दिव्शंग है।समर्थन संस्था लगातार ग्रमीण स्तर पर दस्तावेज एवं सरकारी योजनाओ के लिये शिविर एवं सरकार के साथ मिलकर आधार कार्ड बनाने एवं सुधार के लिये शिविर का आयोजन भी कर रही है।

**प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का दिलाएं लाभ- कलेक्टर**

## टीएल बैठक में हुई लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा




**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के मौके पर विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर बेहतर रैंकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्तमान में अप्रैल माह की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के दृष्टिगत समस्त डी ग्रेड विभाग वाले विभागीय अधिकारियों को समन्वय के साथ अपेक्षित कार्रवाई पूर्ण कर अनिवार्य रूप से ए ग्रेड में आने के लिए निर्देशित किया गया। इसी तरह बी एवं सी ग्रेड वाले विभाग के अधिकारियों को भी समय पूर्व आवश्यक प्रयास कर वांछित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने टीएल बैठक में विभिन्न विभागों में अल्प वेतन पर कार्यरत कर्मचारियों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना से लाभांवित करने के लिए कहा। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से कहा कि 15 हजार रूपए अथवा कम वेतन पाने वाले समस्त पात्र कर्मचारियों को पीएम श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन करवाकर इसका लाभ दिलाया जाए। इस दौरान विद्युत कंपनी के अधिकारी को अधिक बिजली बिल की शिकायतों तथा ईई पीएचई को पेयजल समस्या के निराकरण, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को डीएलसीसी बैठक के आयोजन तथा आरटीओ को शासन के नियम एवं निर्देश मुताबिक निरंतर रूप से वाहन चेकिंग अभियान के निर्देश दिए गए। इसके अलावा कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के विभागवार महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। जिला कलेक्टर ने लंबित टीएल एवं जनसुनवाई पत्रों की समीक्षा कर सीएम हेल्पलाइन में एल 1 एवं एल 2 स्तर पर नॉट अटेंड शिकायतों की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी दिवसों में इस स्थिति पर संबंधित के विरूद्ध जिम्मेवारी तय कर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को आम जनता के हित में मूल कार्य पर फोकस करने के निर्देश दिए गए। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन में लापरवाही पर असंतोष भी जताया। टीएल बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने की दिक्कतों एवं समस्याओं पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को हमेशा सजग एवं अलर्ट रहकर जनहित की समस्याओं के निदान के संबंध में हिदायत दी। जल गंगा अभियान में विभागवार गतिविधियों एवं लगातार प्रगति के लिए निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को गांव-गांव टीम भेजकर एएनसी महिलाओं के पंजीयन तथा स्वास्थ्य कार्यक्रमों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का चिन्हांकन कर इनके विरूद्ध वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव प्रेषित करने के लिए कहा। इसके अतिरिक्त जेके सेम के सहयोग से पोषण पुर्नवास केन्द्रों में निरंतर रूप से पोषण किट के वितरण, नरवाई जलाने के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही के निर्देश भी दिए। शासकीय विभागों को जमीन आवंटन एवं उच्च न्यायालय में अवमानना प्रकरणों में कार्यवाही की समीक्षा भी हुई।

### उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को न हो समस्या

जिला कलेक्टर ने टीएल बैठक में गेहूं उपार्जन कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी खरीदी केन्द्रों पर चाक चौबंद प्रबंध रहें। प्रतिदिन की व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग की जाए। बारिश की संभावना पर समय पूर्व आवश्यक तैयारी सुनिश्चित की जाए। छाया व पेयजल सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं केन्द्रों पर सतत रूप से उपलब्ध रहें। कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसीलदार से चर्चा कर गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कराने के लिए कहा। लापरवाही अथवा शिकायत पर संबंधित केन्द्र पर टीम भेजकर उचित व्यवस्था के निर्देश भी दिए गए। खरीदी केन्द्र गौरा की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए निर्देशित किया गया।

## बिजली समस्या से परेशान ग्रामीण पहुंचे विद्युत कार्यालय

**ठेकेदार की मनमानी से नाराज ग्रामीणों ने कनिष्ठ अभियंता को सौंपा ज्ञापन**



**पन्ना।** नयागांव के दर्जनों ग्रामीण सोमवार को सलेहा विद्युत कार्यालय पहुंचे और विद्युत व्यवस्था की बदहाल स्थिति को लेकर कनिष्ठ अभियंता के नाम आवेदन पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नवीन 11 केवी लाइन निर्माण कार्य में ठेकेदार की मनमानी के कारण गांव की बिजली समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सलेहा से नयागांव तक नई 11 केवी लाइन खींची गई है, जो फिलहाल कटरा तक ही चालू की गई है। जबकि प्रस्ताव के अनुसार इस लाइन को नयागांव तक जोड़ा जाना था। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा न तो 200 केवी ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किया गया और न ही सलेहा से नयागांव की विद्युत सप्लाई को जोड़ा गया।ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में नयागांव को कल्दा फीडर से बिजली सप्लाई दी जा रही है। क्षेत्र पठारी होने और सप्लाई लाइन लंबी होने के कारण विद्युत आपूर्ति अक्सर बाधित रहती है, जिससे गांव में लगातार बिजली कटौती की समस्या बनी रहती है।ग्रामीणों ने कनिष्ठ अभियंता से मांग की है कि जल्द से जल्द सलेहा टाउन से नयागांव की नवीन विद्युत सप्लाई जोड़ी जाए, ताकि ग्रामीणों को बार-बार होने वाली बिजली कटौती से राहत मिल सके।

### पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत बैठक आज

**पन्ना।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारतम् पांडुलिपि मिशन के पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष पन्ना में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार, 5 मई को दोपहर एक बजे बैठक आयोजित की गई है। संस्कृति मंत्रालय की ज्ञान भारतम् मिशन एक प्रमुख पहल है। इसकी घोषणा एक फरवरी 2025 को केन्द्रीय बजट में की गई थी। इसका उद्देश्य भारत की हस्तलिखित विरासत का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण और प्रचार प्रसार करना है। गत 19 दिसम्बर को भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया था। नोडल संस्कृति विभाग द्वारा ज्ञान भारतम् मिशन अंतर्गत आगामी 15 जून तक पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला स्तरीय समिति द्वारा जिले में स्थित निजी शोध संस्थान, महाविद्यालय, ग्रंथालय, मंदिरों, मठ व आश्रम तथा प्राईवेट ट्रस्ट इत्यादि में संरक्षित प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों की खोज कर ज्ञान भारतम् एप द्वारा जानकारी अपलोडिंग अभियान संचालित किया जाएगा। अपर कलेक्टर द्वारा बैठक में श्री प्राणनाथ मंदिर एवं श्री दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट पन्ना के अध्यक्ष एवं श्री छत्रसाल द्वितीय महराज पन्ना सहित सर्वसंबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। इसके अलावा ऐसे व्यक्ति, निजी शोध संस्थान, ग्रंथालय, मंदिरों, मठ या आश्रम व निजी ट्रस्ट आदि, जिनके पास संरक्षित प्राचीन हस्तलिखित पांडलिपि है, से भी बैठक में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

**खबर संक्षेप**

### आबकारी अधिकारी की लापरवाही के कारण शराब ठेकेदार नाराज

**सिंगरौली।** आबकारी अधिकारी सिंगरौली की लापरवाही के कारण कई ठेकेदार नाराज है क्योंकि शराब दुकानो मे बियर है ही नहीं ग्राहक दुकानो से वापस जा रहे है जिसके चलते शराब कारोबारियों का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है, क्योंकि गर्मी चल रही है बियर की माँग ज्यादा होती है फिर भी माल मिल ही नही पा रहा है।कई शराब ठेकेदारों ने बताया कि आबकारी अधिकारी एसी से बाहर ही नही निकलते है हर महीने मोटी रकम की माँग करते है और घूमने जाने के लिए महीने कई बार इनके द्वारा इनोवा गाड़ी बुक करके माँग की जाती है।कई शराब कारोबारियों ने बताया कि अगर इनका ऐसा ही ब्यवहार रहा तो जल्द ही इनके खिलाफ कलेक्टर से मिलकर शिकायत करेंगें।आबकारी अधिकारी की मिलीभगत से जिले मे कई जगह महुआ की शराब और गाँजा की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है।महुआ की शराब बिक्री के कारण भी शराब ठेकेदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है, जो शराब ठेकेदार इनकी बात नही मानता उसको नाजायज साहब के द्वारा परेशान किया जाता है। आबकारी अधिकारी की भ्रष्ट कार्यप्रणाली के अनुसार जिले के ठेकेदारों मे तरह -तरह की चर्चा का बाजार गर्म हो चूका है अब देखना होगा की इनकी कार्यप्रणाली मे सुधार होता है या शराब कारोबारी इनके खिलाफ लामबंद होते है।

### छतरपुर में भाजपा की जीत का जश्न, कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां



**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न राज्यों में मिली चुनावी सफलता पर जोरदार जश्न मनाया। भारतीय जनता पार्टी की जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय के बाहर आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी।

इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पुष्पेंद्र प्रताप सिंह और महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्मिला साहू ने समर्थकों के साथ खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल भाजपा की नहीं, बल्कि प्रत्येक कार्यकर्ता और आम जनता की जीत है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा अपने वादों पर खरी उतरती है और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देती है।

## हेलमेट नहीं तो सफर नहीं जागरूकता रैली के साथ यातायात समर कैंप का तीसरा दिन संपन्न

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के कुशल निर्देशन में शहर के युवाओं और छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किए जा रहे यातायात समर कैंप के तीसरे दिन हेलमेट नहीं तो सफर नहीं की गूंज सुनाई दी।

पूर्व वर्षों की परंपरा को जारी रखते हुए इस वर्ष भी आयोजित इस कैंप के तहत आज एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें लगभग 200 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यह रैली यातायात थाने से प्रारंभ होकर शहर के छत्रसाल चौराहे तक पहुंची, जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को सड़क सुरक्षा और हेलमेट की अनिवार्यता के प्रति जागरूक करना था।जागरूकता



अभियान के दौरान छत्रसाल चौराहे पर एक प्रेरक दृश्य देखने को मिला, जब पुलिस अधीक्षक अगम जैन की उपस्थिति में नन्हे छात्र-छात्राओं ने सड़क पर अनुशासन का परिचय देने वाले वाहन चालकों का उत्साहवर्धन किया। रैली में शामिल बच्चों ने हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले राहगीरों को गुलाब के पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने स्वयं बच्चों के साथ मिलकर राहगीरों और मीडिया कर्मियों को हेलमेट वितरित किए और सभी से यह अपील की कि दुपहिया वाहन चलाते समय सुरक्षा कवच के रूप में हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। इस गरिमामयी आयोजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले, यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल, पत्रकार बंधु और समर कैंप के प्रतिभागी मौजूद रहे।

## घर में घुसकर विवाहिता से छेड़खानी और जान से मारने की धमकी, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**छतरपुर।** जिले के पिपट थाना अंतर्गत ग्राम रगोली में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक युवक पर घर की बाउंड्री फांदकर अंदर घुसने, विवाहिता के साथ छेड़ख़ानी करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। सोमवार को एसपी कार्यालय में पीड़ित परिवार ने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रगोली निवासी 24 वर्षीय पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर बताया कि घटना दिनांक 30 अप्रैल 2026 की है। उस समय पीड़िता के पति और ससुर रएक रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। घर पर पीड़िता अपनी सास के साथ थी। पीड़िता के मुताबिक रात करीब 1 बजे जब वह अपने कमरे में सो रही थी, तभी उसे बाहर कुछ आहट सुनाई दी। बाहर निकलकर देखने पर उसने पाया कि गांव का ही हल्के महाराज बाउंड्री फांदकर घर के अंदर घुस आया था। आरोप है कि जब पीड़िता ने विरोध किया, तो आरोपी ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ा और उसे कमरे के अंदर ले जाने का प्रयास किया। पीड़िता के शोर मचाने पर उसकी सास कमरे से बाहर आ गईं। उन्हें आता देख आरोपी घबरा गया और जाते-जाते पीड़िता को धमकी दी कि यदि किसी को कुछ बताया तो जान से खत्म कर दूँगा। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

2 मई को जब पीड़िता के पति और ससुर घर वापस आए, तब पीड़िता ने उन्हें आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजनों के साथ थाने पहुँचकर मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने आरोपी हल्के महाराज के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 331(2) और 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बुंदेलखंड विरासत बचाओ मंच द्वारा मनाई गई महाराजा छत्रसाल जयंती, युवाओं ने किया माल्यार्पण

**छतरपुर।** बुंदेलखंड विरासत बचाओ मंच द्वारा जिला मुख्यालय पर महाराजा छत्रसाल की जयंती पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। संस्थापक पीएस बुंदेला के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत मंच के युवाओं ने शहर के डॉकखाना चौराहा पहुंचकर महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा का विधिवत पूजन किया और माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मंच के जिलाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि यह जयंती केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और स्वाभिमान को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि महाराजा छत्रसाल ने मुगल शासक औरंगजेब के खिलाफ संघर्ष करते हुए बुंदेलखंड में स्वतंत्र राज्य की स्थापना की थी। उनका जीवन पराक्रम, संगठन क्षमता और अदम्य साहस का प्रतीक रहा है। महाराजा छत्रसाल बुंदेला वंश में जन्मे थे और ओरछा के रुद्र प्रताप सिंह के वंशज थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में मुगलों की सत्ता



को चुनौती देते हुए बुंदेलखंड को स्वतंत्र पहचान दिलाई। यही कारण है कि उन्हें 'बुंदेलखंड केसरीÓ के नाम से भी जाना जाता है। उनके आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्रभक्ति और संघर्ष की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने महाराजा छत्रसाल के जीवन और योगदान को याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र बुंदेला, राजकुमार यादव, सहसचिव अनिमेष यादव, निखिल शुक्ला, अभिषेक द्विवेदी, अमित पटेल, प्रतीक तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शहर के प्रमुख चौराहे पर स्थित महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे विरासत बचाओ मंच के जिलाध्यक्ष ने आसपास फैली गंदगी पर नाराजगी जताई। उन्होंने नगर पालिका को तत्काल सूचना दी, जिसके बाद सफाई कराई गई। मंच के कार्यकर्ताओं ने बताया कि, नियमित साफ-सफाई न होने से प्रतिमा स्थल के आसपास कचरा जमा हो गया था। उन्होंने यहां नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही प्रतिमा के आसपास होर्डिंग्स और बैनर लगाने का विरोध करते हुए इसे विरासत स्थल की गरिमा के खिलाफ बताया।

## सपा ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन, गेहूं समर्थन मूल्य 3100 करने की मांग



**छतरपुर।** सोमवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कपूर सिंह यादव के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम संबोधित किया गया, जिसमें गेहूं खरीदी से जुड़ी समस्याओं और समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। ज्ञापन में कहा गया कि चुनाव के दौरान किए गए वादों के अनुसार गेहूं का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए, जबकि वर्तमान में यह 2625 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। इसके साथ ही किसानों पर लागू 80 क्विंटल प्रति किसान खरीदी सीमा को समाप्त करने की मांग भी रखी गई।सपा नेताओं ने मंडियों में किसानों से अतिरिक्त गेहूं लेने की प्रथा को शोषण बताते हुए इसे तत्काल बंद कराने की मांग की। साथ ही सभी मंडियों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों के पारदर्शी सत्यापन की बात कही, जिसमें किसान संगठनों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने की मांग की गई।

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा टीवीएस ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सर्विस कंपनी के माध्यम से आई सी आई सी आई बैंक में सेल्स एंड रिलेशनशिप मैनेजर पद हेतु प्रथम चरण की चयन प्रक्रिया संपन्न की गई। प्रथम चरण में टी वी एस कंपनी के एच आर श्री विपुल शर्मा ने विश्वविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के 57 विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। प्रथम चरण के साक्षात्कार में द्वितीय चरण के लिए 23 विद्यार्थियों का चयन कंपनी



द्वारा किया गया। चयनित विद्यार्थी द्वितीय चरण की लिखित परीक्षा में सम्मिलित होंगे। लिखित परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों का अंतिम साक्षात्कार आई सी आई सी आई बैंक द्वारा संपन्न कराया जाएगा। बैंक द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की 15 दिन की ट्रेनिंग प्रक्रिया कोयंबटूर (तमिलनाडु) में कराई जाएगी। उसके उपरांत चयनित अभ्यर्थियों को बैंक द्वारा 3 लाख रुपए वार्षिक पैकेज प्राप्त होगा। कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. प्रणति चतुर्वेदी, सहप्रभारी डॉ. नरेंद्र नामदेव एवं जितेंद्र नामदेव ने कराया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम, चेयरमैन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम, कुलगुरु डॉ. अमित कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. दिगंत द्विवेदी ने प्लेसमेंट के सदस्यों को इस तरह के प्लेसमेंट सेल आयोजन के लिए बधाई प्रेषित की।

**दबंगों की मारपीट से घायल महिला ने लगाई न्याय की गुहार**

## स्टेचर पर मां को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचा बेटा

**छतरपुर।** जिले में मारपीट की एक गंभीर घटना सामने आई है, जहां घायल मां को स्टेचर पर बैठाकर उसका बेटा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई। मामला थाना बिजावर क्षेत्र के ग्राम डाही का है, जहां 55 वर्षीय देवकीबाई अहिरवार, पति प्यारेलाल अहिरवार के साथ गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा बेरहमी से मारपीट की गई। पीड़िता के अनुसार शनिवार शाम करीब 5 बजे गांव के जगन अहिरवार, कलन अहिरवार और शुबु अहिरवार घर पहुंचे और लाठी-डंडों व पत्थरों से हमला कर दिया। घटना के बाद तत्काल डायल 112 को सूचना दी गई, लेकिन आरोप है कि पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।गंभीर रूप से घायल देवकीबाई को परिजनों द्वारा मोटरसाइकिल से उप स्वास्थ्य केंद्र बिजावर ले जाया गया, जहां प्राथमिक



उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनका इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

## नि:शुल्क एक्यूप्रेशर शिविर का शुभारंभ



### शुभारंभ समारोह में 49 मरीजों ने लिया शिविर का लाभ

**छतरपुर।** सेठ कल्याण दास धर्मशाला एवं चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मेघा एक्यूप्रेशर हेल्थ कैंप एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन एवं सुजोक थैरेपी शिविर का शुभारंभ रविवार सुबह बस स्टेण्ड छतरपुर स्थित कल्याण धर्मशाला में महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉ भरत पाठक के मुख्य आतिथ्य में किया गया। ये शिविर 8 मई तक चलेगा।

समारोह की अध्यक्षता मिथिलेश अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि प्रमोद अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल एवं जोधपुर से आए एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ श्रवण चौधरी और डॉ मनीष चौधरी उपस्थित थे। शिविर में दीपक अग्रवाल, संजय अग्रवाल भोलू और हरि प्रकाश अग्रवाल आदि ने भी न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराई बल्कि व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया।

मुख्य अतिथि डॉ भरत पाठक ने कहा कि देश में विभिन्न तरह की चिकित्सा पद्धतियां हैं। सबका अपना महत्व है। कुल मिलाकर कम खर्च में मरीज को लाभ मिलना चाहिए। एक्यूप्रेशर में प्वाइंट दबाने से रोग से छुटकारा मिलता है। आगे चलकर ये रोगी दूसरों का इलाज कर उन्हें स्वस्थ बनाने में मददगार साबित होते हैं। यदि शिविर में आए 10 प्रतिशत मरीज भी स्वस्थ हो गए तो आपका ये शिविर सफल है। श्री पाठक ने शिविर लगाने के लिए कल्याण परिवार को बधाई दी। शिविर के पहले दिन 24 साल से 82 साल तक के 49 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराकर निशुल्क उपचार का लाभ उठाया।

इस निःशुल्क एक्यूप्रेशर हेल्थ शिविर में बिना औषधि के पुराना सिर दर्द, बच्चों को नींद में पैशाब आना, मोटापा, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, कमर दर्द, घुटने का दर्द, ब्लड प्रेशर, शुगर, पेट रोग, जोड़ो का दर्द, लकवा/पेरालेसिस,आंख, नाक, गला रोग, साईटिका, कब्ज गैस, सवाईकल दर्द, हाथ पैरों में थकान या सुन्नपन आदि रोगों का उपचार किया जा रहा है। ये शिविर रोजाना सुबह 8 से दोपहर 12 बजे और शाम 4 से 8 बजे तक चलेगा।

## ग्रामीणों को नहीं मिल रहा रोजगार, पलायन को मजबूर, सरपंच-सचिव पर मनमानी के आरोप



**बड़ामलहरा।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत विश्वा में रोजगार नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव की कार्यप्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को गांव की दो दर्जन से अधिक महिलाएं जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचीं और जनपद पंचायत सीईओ के नाम एपीओ को लिखित शिकायत सौंपकर पंचायत में अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए।महिलाओं ने बताया कि गांव में रोजगार के अवसर नहीं मिलने के कारण उन्हें पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मजदूरी कार्य की मांग के बावजूद पंचायत द्वारा स्थानीय मजदूरों को काम नहीं दिया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि जॉब कार्ड तक नहीं बनाए जा रहे हैं और मनरेगा सहित अन्य निर्माण कार्यों में मजदूरों की बजाय मशीनों और ट्रैक्टरों का उपयोग किया जा रहा है।

ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन पंचायत स्तर पर इसके विपरीत कार्य हो रहा है। मजदूरों को काम से वंचित कर मशीनों से कार्य करवाया जा रहा है, जिससे गरीब परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

महिलाओं ने यह भी बताया कि उन्होंने कई बार पंचायत प्रतिनिधियों से रोजगार की मांग की, लेकिन उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया गया। इससे गांव में असंतोष का माहौल बना हुआ है। शिकायत लेकर पहुंची महिलाओं ने जनपद पंचायत सीईओ से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, मशीनों के उपयोग पर रोक लगाने और स्थानीय मजदूरों को प्राथमिकता से रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की है। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## अपराधी के आतंक से बुजुर्ग दंपत्ति परेशान, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।** जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक बुजुर्ग दंपत्ति आदतन अपराधी के उत्पीडऩ से परेशान होकर पुलिस अधीक्षक के पास न्याय की गुहार लगाने पहुंचे। पीड़िता अंगूरी चौरसिया ने आरोप लगाया है कि कल्लू चौरसिया नामक अपराधी ने उनकी विधवा बहू को प्रेम जाल में फंसाकर शादी कर ली और अब संपत्ति हड़पने की साजिश रच रहा है। महिला के अनुसार आरोपी ने परिवार पर लगातार दबाव बनाते हुए तीनों मकानों पर कब्जा कर लिया है, जिससे बुजुर्ग दंपत्ति को घर छोडऩे पर मजबूर होना पड़ा। वर्तमान में वे अपनी बेटी के घर रहने को विवश हैं। पीड़िता ने यह भी बताया कि 10 अप्रैल को बंटवारे की पंचायत के दौरान आरोपी ने उनके बीमार पति पर हमला कर दिया, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बाद में



इलाज के लिए दिल्ली एम्स तक ले जाना पड़ा। घटना के संबंध में 12 अप्रैल को महाराजपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाते हुए एसपी से जल्द न्याय दिलाने की मांग की है।

**विधवा बहू पर चरित्रहीनता के आरोप, परिवार में बढ़ा विवाद** मामले में एक और मोड़ तब आया जब बुजुर्ग महिला ने अपनी विधवा बहू पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बहू के चरित्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह आरोपी के साथ मिलकर संपत्ति हड़पने की साजिश में शामिल है। इस विवाद के चलते परिवार में तनाव और अधिक बढ़ गया है। फिलहाल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए गए आवेदन के बाद मामले की जांच की उम्मीद जताई जा रही है।

## एनटीपीसी विंध्याचल में विंध्याचल प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल)-XI ने जीता पहला मैच

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में बहुप्रतीक्षित विंध्याचल प्रीमियर लीग 2026 का उत्साहपूर्ण शुभारंभ वरिष्ठ नेतृत्व टीमों के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच से हुआ। यह मुकाबला परियोजना प्रमुख(विंध्याचल)-XI और महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण)-XI के बीच खेला गया, जिसने पूरे आयोजन का जोश और रोमांच बढ़ा दिया।इस अवसर पर श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल), श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं एफ एम) एवं अध्यक्ष (स्पोर्ट्स काउंसिल) तथा डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक(चिकित्सा) की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही विभिन्न विभागों के प्रमुख और स्पोर्ट्स काउंसिल के सदस्य भी उपस्थित रहे। टॉस जीतकर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल)-XI ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण)-XI को 15 ओवर में 127 रनों पर सीमित कर दिया। इसके बाद शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए परियोजना प्रमुख(विंध्याचल)-XI ने लक्ष्य को मात्र 11.4 ओवर में हासिल कर 7 विकेट से शानदार जीत दर्ज की।10 टीमों और समर्पित टीम प्रबंधकों के साथ 15 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट की शुरुआत इस रोमांचक मुकाबले से हुई, जिसने खेल भावना, टीमवर्क और नेतृत्व के उत्साह को बखूबी प्रदर्शित किया।

# सीएम हेल्पलाइन में 8 मई तक जिले का स्कोर 80 प्रतिशत पहुंचाएं - कलेक्टर

## जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी



**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण तथा टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ प्रयास करके सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके 8 मई तक जिले का स्कोर 80 प्रतिशत से ऊपर पहुंचाएं। सीएम हेल्पलाइन से मिले डेटा का विश्लेषण करके आवेदन पत्रों के निराकरण की रणनीति बनाएं। इसी तरह टीएल पत्रों का तीन दिन में अनिवार्य रूप से निराकरण करें। समय सीमा का पालन न होने पर कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय तथा स्वास्थ्य विभाग सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें।बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रगति संतोषजनक नहीं है। अभियान में शामिल सभी विभागों के अधिकारी निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप जल संरक्षण के कार्य कराएं। इन कार्यों का विवरण पोर्टल पर अद्यतन अपलोड कराएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद के सीईओ तथा सीएमओ भी इस पर विशेष ध्यान दें। उप संचालक कृषि सभी एसडीएम से संपर्क करके नरवाई जलाने वाले किसानों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही किसानों को नरवाई प्रबंधन के लिए जागरूक करें। सभी अधिकारी अब केवल ई आफिस के माध्यम से ही पत्र और फाइलें भेजेंगे। हार्डकॉपी में फाइलें स्वीकार नहीं की जाएंगी। जिला के साथ-साथ तहसील स्तर तक भी ई आफिस व्यवस्था लागू कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के विभागीय एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभागीय कार्यों पर विशेष ध्यान दें। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए समन्वय से प्रयास करें। अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वत्वों के भुगतान तथा पेंशन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा से अनुकंपा नियुक्ति के सभी लंबित प्रकरण निराकृत करें। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। सभी चार्ज अधिकारी तथा सीएमओ प्रगणकों के एकाउंट ऑनलाइन आज ही लॉगिन कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय सीमा में जनगणना का कार्य पूरा कराएं। सभी एसडीएम जनगणना कार्य की प्रगति की नियमित मानीटरिंग करें। कलेक्टर ने कहा कि कार्यपालन यंत्री पीएचई बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार के लिए अभियान चलाएं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में गर्मियों में पानी की आपूर्ति के लिए बनाई गई कार्ययोजना के अनुरूप कार्यवाही करें। पेयजल व्यवस्था से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण कराएं। जिला विपणन अधिकारी किसानों को केवल ई टोकन के माध्यम से ही खाद का वितरण कराएं। निजी विक्रेताओं को भी ई टोकन से खाद बिक्री की हिदायत दें। बैठक में कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी योजना, गेंहू उपार्जन तथा कार्यालयीन व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अग्रणी बैंक प्रबंधक सभी स्वरोजगार योजनाओं के बैंकवार लक्ष्य निर्धारित कर दें। इनकी पूर्ति 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से कराएं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### घरों में घुस कर चोरी करने वाली गैंग पकड़ाइ, चोरहटा पुलिस ने की कार्रवाई, चोरी का माल बरामद

आरोपियों से अन्य वारदातों पर पूछताछ जारी

**रीवा।** शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बीच चोरहटा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घरों में घुसकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने हाल ही में हुई चोरी की घटना को कबूल कर लिया है, वहीं उनके कब्जे से चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया गया है। थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने बताया कि दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम राउसर निवासी नागेंद्र पांडे के घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।जांच के दौरान पुलिस को कुछ संदिग्धों पर शक हुआ, जिसके बाद राजकुमार गुप्ता, अमन अंसारी और विक्की सेन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। प्रारंभिक पूछताछ में ही तीनों आरोपियों ने नागेंद्र पांडे के घर में चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है। बरामद सामग्री में घरेलू उपयोग की वस्तुएं एवं अन्य कीमती सामान शामिल बताया जा रहा है। थाना प्रभारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है और इनके खिलाफ पूर्व में विभिन्न थानों में चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

### बंगाल-असम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत, जिले के अटल कुंज में भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**रीवा।** पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश के साथ-साथ रीवा में भी उत्सव का माहौल देखने को मिला। शहर स्थित भाजपा कार्यालय अटल कुंज में कार्यकर्ताओं ने इस जीत को लेकर जोरदार जश्न मनाया। सुबह से ही कार्यालय परिसर में चहल-पहल शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक जारी रही। जैसे ही सुबह चुनाव परिणाम आने शुरू हुए और भाजपा की बढ़त लगातार मजबूत होती गई, वैसे ही कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ने लगा। धीरे-धीरे बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अटल कुंज पहुंचने लगे और जश्न की तैयारियां तेज हो गईं। दोपहर तक तस्वीर साफ होते ही कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए जीत का स्वागत किया। इस दौरान कार्यालय परिसर में जमकर आतिशबाजी की गई, कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार किया। खास बात यह रही कि पारंपरिक अंदाज में झालमुरी भी बांटी गई, जिसने जश्न में अलग ही रंग भर दिया। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद जैसे नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। कई कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते नजर आए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए इसे जनता के विश्वास और पार्टी की नीतियों की जीत बताया।

रीवा में जल प्रदाय एवं सीवरेज परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

## समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण करें कार्य, सतत मॉनिटरिंग करें: उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा शहर में संचालित जल प्रदाय योजना एवं सीवरेज परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्यों की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता, समय-सीमा और वित्तीय विषयों पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य तय समय-सीमा में पूरे किए जाएँ, ताकि नागरिकों को समय पर बेहतर सुविधाएँ मिल सकें। बैठक में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे, आयुक्त संकेत भोंडवे तथा नगर निगम रीवा के आयुक्त अक्षत जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जल प्रदाय व्यवस्था के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से ओवरहेड वाटर टैंक के निर्माण और जल वितरण नेटवर्क के विस्तार को आगामी वर्षा ऋतु से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यों की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए, जिससे समयबद्ध क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान आमजन की दिनचर्या प्रभावित न हो, इसके लिए कार्यों को सुव्यवस्थित एवं चरणबद्ध तरीके से किया जाए। नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर भी उन्होंने बल दिया। सीवरेज कार्यों की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने शेष पाइपलाइन बिछाने और हाउस सर्विस कनेक्शनों को प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और जनस्वास्थ्य के दृष्टिकोण से सीवरेज नेटवर्क का समय पर पूरा होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही उन्होंने एसटीपी निर्माण कार्य को भी शीघ्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए।

## कटी फसल पर गिरा हाईटेंशन तार, धू-धू कर जली किसान के मेहनत की कमाई



**रीवा।** जिले में भीषण गर्मी के बीच आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, वहीं बिजली विभाग की लापरवाही भी अब खुलकर सामने आने लगी है। जगह-जगह जर्जर एवं खुले पड़े विद्युत तार, समय पर मेंटेनेंस का अभाव और हाईटेंशन लाइनों की अनदेखी किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बनती जा रही है। मामला जिले के सगरा थाना क्षेत्र का है, जहां एक किसान की कड़ी मेहनत से तैयार की गई गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई। जानकारी के अनुसार, लौआ लक्ष्मणपुर निवासी किसान यदुवंश कुशवाहा ने अपनी गेहूं की फसल काटकर खेत में एक स्थान पर खलिहान के रूप में एकत्रित कर रखी थी। बताया गया है कि चिन्मय आश्रम के समीप स्थित खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी विद्युत लाइन का तार अचानक टूटकर सीधे फसल के ढेर पर गिर पड़ा। तार गिरते ही उसमें से निकली चिंगारियों ने देखते ही देखते आग का रूप ले लिया और कुछ ही समय में पूरी फसल धू-धू कर जलने लगी। घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक किसान की पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी। पीड़ित यदुवंश कुशवाहा का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर तारों की समस्या बनी हुई है, जिसकी शिकायत कई बार की गई, लेकिन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। घटना के बाद किसान ने संबंधित विभाग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई और हुए नुकसान की भरपाई के लिए उचित मुआवजे की मांग की है। गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में सूखी फसल और तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैलती है। ऐसे में हाईटेंशन तारों का टूटना और स्पार्किंग होना किसानों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है।

तीस मई पत्रकारिता दिवस पर अमरकंटक में होगा प्रांतीय सम्मेलन

## आद्य पत्रकार देवर्षि नारद को आदर्श मानकर पत्रकार कार्य करें - पुरुषोत्तम



**रीवा ।** आद्य पत्रकार देवर्षि नारद के जयंती अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के जिला कार्यालय पड़रा रीवा में संगोष्ठी का आयोजन किया गया था संगोष्ठी में उपस्थित संगठन के पदाधिकारीयों एवं पत्रकार साथियों को संबोधित करते हुए संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा ने कहा कि देवर्षि नारद इस तरह की पत्रकारिता करते थे कि देवगण उन्हें अपने पक्ष का मान कर हमेशा मान सम्मान प्रतिष्ठा देते थे, उसी तरह दैत्य पक्ष के दैत्य राक्षस राज्य भी नारद जी को अपने पक्ष का मान कर उनका मान सम्मान करते थे और हमेशा नारद जी के बातों पर विश्वास करते हुए कार्य करते थे। शक्तिशाली इतने थे कि भगवान विष्णु को भी श्राप दे दिए साथ में दो शिव गणों को भी दैत्य बनने का श्राप दे दिए, सभी पत्रकार साथियों को भी इसी तरह का कार्य करना चाहिए जैसा देवर्षि नारद जी करते थे।संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता जिला कार्यवाहक अध्यक्ष वैदेही शरण द्विवेदी ने किया, कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय मुख्य महासचिव वीरेन्द्र मिश्रा ने किया, संगोष्ठी को प्रांतीय उपाध्यक्ष वी के मिश्रा, प्रांतीय सचिव डॉ मनोज पाठक, संभागीय अध्यक्ष प्रभूनाथ पान्डेय, जिला मीडिया प्रभारी शेषमणी शुक्ला, जिला संरक्षक लालमणि त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष ग्रामीण राहुल मिश्रा, जिला प्रवक्ता नीलेश द्विवेदी आदि पत्रकार साथियों ने संबोधित किया। बैठक में तीस मई पत्रकारिता दिवस पर अमरकंटक में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन को गरिमामय ढंग से संपन्न बनाने के लिए विस्तृत विचार विमर्श कर अहम निर्णय लिए गए सभी पत्रकार साथियों व पदाधिकारीयों को अमरकंटक सम्मेलन में आवश्यक रूप से पहुंचने के लिए प्रांतीय इकाई के पास सहमति पत्र देने का निर्णय लिया गया है। छब्बीसवें स्थापना दिवस को इस वर्ष मध्य प्रदेश के भोपाल में राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन कर बड़े भव्यता के साथ मनाया जाएगा भोपाल अधिवेशन पन्द्रह जुलाई को प्रांतीय महासचिव राकेश शर्मा के संयोजन में संपन्न कराया जाएगा। संगोष्ठी में प्रांतीय कोषाध्यक्ष नवीन कुमार तिवारी, प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिलीप त्रिपाठी, संभागीय संरक्षक शशि कुमार सिंह तिवारी, महिला विंग की संभागीय अध्यक्ष संगीता पटेल, जिला मुख्य महासचिव अशोक सोनी, कार्यालय प्रभारी शिवकुमार मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र त्रिपाठी, रामपुर बाघेलान अध्यक्ष हरिशंकर तिवारी, संदीप पाण्डेय, मऊगंज के जिला सचिव राजकुमार मिश्रा आदि पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर जताया हर्ष, अमित शाह की रणनीति को सराहा

## प्रधानमंत्री मोदी की जनहितकारी नीतियों और जनता के अटूट विश्वास से मिली ऐतिहासिक जीत- उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुदुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, जनहितकारी नीतियों और जनता के अटूट विश्वास का प्रतिफल है।

### जनहितकारी योजनाएं पहुंचीं हर वर्ग तक

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि केंद्र सरकार की गरीब कल्याण, स्वास्थ्य, आवास, स्वच्छता और वित्तीय समावेशन जैसी योजनाओं ने समाज के हर वर्ग तक सीधा लाभ पहुंचाया है। इन योजनाओं ने न केवल लोगों का जीवन स्तर बेहतर किया, बल्कि सरकार और जनता के बीच



भरोसे को भी मजबूत किया है।

### सबका साथ, सबका विकास का असर

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शी, जवाबदेह और विकासोन्मुखी शासन स्थापित हुआ है। "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र ने हर क्षेत्र में समावेशी विकास को गति दी है, जिसका परिणाम आज चुनावी जीत के रूप में सामने आया है।

### अमित शाह की रणनीति को सराहा

उप मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के संगठनात्मक मार्गदर्शन का उल्लेख किया। कहा कि उनके कुशल प्रबंधन, सूक्ष्म चुनावी रणनीति और कार्यकर्ताओं के साथ सतत संवाद ने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत किया। उनके संतुलित और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण ने चुनावी प्रक्रिया को सुदृढ़ आधार दिया।

### जनता ने विकास और स्थिरता को चुना

श्री शुक्ल ने कहा कि यह जनादेश स्पष्ट करता है कि देश की जनता विकास, स्थिरता और निर्णायक नेतृत्व को प्राथमिकता दे रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के सहयोग से यह जीत संभव हुई है। यह जीत जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी और बढ़ाती है। भाजपा सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों को आगे बढ़ाएगी।

### आजीविका मिशन के कार्यों की सीईओ ने की समीक्षा

**रीवा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में अजीविका मिशन अन्तर्गत जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक, जिला प्रबंधक, ब्लाक प्रबंधक, सहायक ब्लाक प्रबंधक उपस्थित रहे। इस अवसर पर एस.एच.जी. प्रोफाईल मॉनीटरिंग की समीक्षा की गई तथा जहां ब्लाक प्रबंधक, सहायक ब्लाक प्रबंधक की प्रगति कम है उन्हें अगले 15 दिवस में शतप्रतिशत पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए तथा उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी करने की बात कही गई। बैठक में एस.एच.जी. ट्रांजेक्शन एवं खाता खोले जाने की समीक्षा की गई तथा लक्ष्य अनुरूप प्रगति नही होने के कारण संबंधितों को कारण बतओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। अजीविका मिशन के समस्त विकासखंड प्रबंधकों को निर्देशित किया गया की गतिविधियों में अगले सप्ताह तक ग्रेडिग में सुधार नही हुआ तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।



## अधिवक्ताओं ने किया नवनिर्वाचित अध्यक्ष का सम्मान

**रीवा।** अधिवक्ता उच्च न्यायालय जबलपुर मध्य प्रदेश रघुवंश प्रसाद पांडे ने जिला अधिवक्ता संघ रीवा से सम्मानित व प्रतिष्ठित अधिवक्ता राजेन्द्र पाण्डे का लगातार सातवीं बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित होने पर उन्हें इस एतिहासिक जीत हासिल करने पर अपने साथियों के साथ गुलदस्ता भेंट सम्मानित किया और मंगल शुभकामनाएं प्रेषित किया। रघुबंश विनायकम्‌ पाण्डेय के साथ अवकाश प्राप्त शिक्षाविद एवं अधिवक्ता ओंकार नाथ पांडेय,डॉक्टर हर्ष लाल शुक्ला, प्रदीप अवस्थी, आदि ने सातवीं बार जिला अध्यक्ष रीवा के ऐतिहासिक जीत की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें गुलदस्ता भेंट करसम्मानित किया। विदित होवे की एडवोकेट बार एसोसिएशन रीवा के द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा की नई बिल्डिंग में आवंटन के मामले को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी जिसे अधिवक्ता गणों के मध्य काफी वाद विवाद की स्थिति बनती रही। किंतु इन सबसे परे उठकर सातवीं बार पुनः श्री पांडेयको बहुमत के साथ नव निर्वाचित अध्यक्ष घोषित किया गया। रघुबंश प्रसाद पाण्डेय विनायकम्‌ जो उच्च न्यायालय में वकालत के पेशे से जुड़े हुए हैं , राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव के प्रत्याशी भी हैं, प्रचार प्रसार के दौरान अधिवक्तागणों के हितार्थ व उनके सम्मान के लिए अध्यक्ष से मिलकर अधिवक्ता सेवार्थ बैठक व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में विचार मंथन किया। उसे हल करने का आग्रहकिया। उक्त परिचर्चा में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री पांडेय ने आश्वासन दिया की सभी समस्याओं का समाधान मिल बैठकर बहुत जल्दी ही कर लिया जाएगा। राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में मतदान 12 मई 2026 को संपन्न होने वाला है। रघुवंश पांडेय ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष से आवश्यक सहयोग एवं समर्थन मांगा।

## गुरुकरण सिंह होंगे रीवा के नए पुलिस अधीक्षक



**रीवा।** रीवा और मऊगंज में नई पदस्थापना जावरा (रतलाम) में 24वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल (विसबल) के सेनानी गुरुकरण सिंह को रीवा का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं, पीटीएस रीवा के एसपी सुरेंद्र कुमार जैन को मऊगंज जिले के पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रीवा के वर्तमान एसपी शैलेंद्र सिंह को प्रमोशन के बाद नगरीय भोपाल में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) के पद पर भेजा गया है। मऊगंज के एसपी दिलीप सोनी को आगर मालवा का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

## बहुती गेहूं उपार्जन केंद्र में भारी अव्यवस्था, बारिश में भीगा अनाज और वरदाना, किसानों में आक्रोश



**मऊगंज।** जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी के अंतर्गत आने वाले गेहूं उपार्जन केंद्र बहुती में अव्यवस्था और भेदभाव के गंभीर आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि केंद्र पर न तो उचित व्यवस्थाएं हैं और न ही सभी के साथ समान व्यवहार किया जा रहा है।वार्ड क्रमांक 05 के निवासी लक्ष्मण पटेल ने बताया कि वे सुबह से उपार्जन केंद्र में अपनी उपज लेकर बैठे हैं, लेकिन अब तक तौल नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि "हम किसानों की सुनवाई नहीं हो रही, जबकि व्यापारियों की उपज लगातार तौली जा रही है। केंद्र प्रभारी का रवैया पक्षपातपूर्ण है।"बारिश ने हालात और खराब कर दिए हैं। किसानों के अनुसार, केंद्र में न तो तिरपाल की व्यवस्था है और न ही सुरक्षित भंडारण की। खुले में रखा गेहूं और वरदाना (बोरियां) दोनों ही बारिश में भीग गए, जिससे भारी नुकसान की आशंका है। कई किसानों को मजबूरी में खुद ही तिरपाल खरीदकर अस्थायी इंतजाम कर अपने अनाज को बचाने की कोशिश करनी पड़ी।किसानों का कहना है कि मोहन यादव द्वारा किसानों के हित में बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका कोई असर नजर नहीं आ रहा है। उपार्जन केंद्रों की बदहाल स्थिति ने किसानों की चिंता और नाराजगी दोनों बढ़ा दी है।किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि केंद्र पर पारदर्शिता लाई जाए, सभी किसानों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाए और बारिश से बचाव के लिए तत्काल उचित व्यवस्था की जाए।

## जिले में सैकड़ों स्थानों में ट्रांसफॉर्मर फ्यूज बॉक्स एवं लटकते विद्युत तार, बड़ी घटना का इंतजार, जिम्मेदार बेखबर

**मऊगंज।** जिले सैकड़ो स्थानो मे बिजली विभाग की अनदेखी के कारण क्षेत्र में जहां जगह जगह खतरे को बुलावा देते विद्युत तार लटकते देखे जा सकते हैं। वही विभाग द्वारा बड़ी विद्युत लाइन से वसाहटो को वितरण करने के लिए छोटी लाइन बनाने के उद्देश्य से सारे नियम को ताक में रखकर जगह जगह लगाए गए विद्युत ट्रांसफार्मर जो खुलेआम खतरे को बुलावा देते नजर आते हैं आलम यह है कि विभागीय अमला सभी नियम एवं कायदे की अनदेखी करते हुए एक तो मुख्य मार्ग या सार्वजनिक स्थानों में विद्युत ट्रांसफार्मर लगा दिया वहीं इस विषय का ध्यान नहीं रखा की इन सार्वजनिक स्थलों में जमीन को छूते खुले पड़े फ्यूज बॉक्स जानलेवा हो सकते हैं। सबसे ज्यादा खतरा खराब स्थिति कस्बाई क्षेत्रों की है जहां सार्वजनिक स्थल में खुले पड़े फ्यूज बॉक्स किसी भी वक्त आम जनमानस के लिए जानलेवा हो सकते हैं।शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में कई जगह ऐसे विद्युत ट्रांसफार्मर है जहां जमीन से महज 3 से 4 फिट की ऊंचाई पर विद्युत विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा विद्युत प्रवाहित फ्यूज बॉक्स लगा दिया गया जो आम



जनमानस सहित पशुओं के लिए किसी भी समय जानलेवा बन सकता है। खतरे को बुलावा देते विद्युत प्रवाहित इन फ्यूज बाक्सों एवं लटकते तारों से परेशान समाजसेवियों सहित जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों एवं कलेक्टर मऊगंज विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए जानलेवा साबित होते सार्वजनिक स्थलों में खुले पड़े विद्युत ट्रांसफार्मर के फ्यूज बॉक्सो को अबिलंब व्यवस्थित कराया जाए ।

## कन्फर्म टिकट के बावजूद 15 यात्रियों को रीवा हवाई अड्डे से बैरंग लौटाना बहुत आपत्तिजनकः अजय खरे

**रीवा।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि रीवा से हवाई यात्रा को लेकर बड़े बड़े दावे किए जा रहे हैं लेकिन यात्रा सुविधा के नाम पर यात्रियों के साथ क्रूर खिलवाड़ हो रहा है। नियमित हवाई सेवाएं अभी भी उपलब्ध नहीं हैं। चोरहटा स्थित रीवा हवाई अड्डे में गत दिवस एयर लाइंस प्रबंधन द्वारा कन्फर्म टिकट के बावजूद 15 यात्रियों को विमान में बैठाने से इनकार करने पर यात्रियों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है। रविवार रात्रि को रीवा हवाई अड्डे पर कन्फर्म टिकट के बावजूद 15 यात्रियों को हवाई यात्रा से वंचित कर दिया गया। बताया गया कि विमान प्रबंधन के द्वारा 72 सीटों की बुकिंग लेने के बावजूद केवल 48 सीटों वाला छोटा विमान भेजा गया। इस संबंध में यात्रियों को पहले से अवगत नहीं कराया गया जिससे उन्हें काफी तनाव की स्थिति से गुजरना पड़ा।अचानक सामने आई इस स्थिति से यात्री भड़क गए। एयरपोर्ट परिसर में जमकर हंगामा हुआ। अमरपाटन निवासी शिवानी जैन को ख़ास इंटरव्यू के लिए दिल्ली जाना था। वह भी अन्य विमान यात्रियों की तरह 2 घंटे पहले हवाई अड्डे पहुंच गई थीं। कन्फर्म टिकट के बाद भी उन्हें बोर्डिंग से रोक दिया गया। श्री खरे ने कहा कि हवाई यात्रा करने वाले अधिकांश लोग मध्यमवर्गीय परिवारों से हैं जो किसी एमरजेंसी की वजह से हवाई यात्रा का सहारा लेते हैं लेकिन विमान प्रबंधन की गड़बड़ी के चलते उन्हें भारी नुक़सान उठाना पड़ा है।